# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/01/26 – 34 ,राँची/दिनांकः 14/07/2026

**शैक्षणिक सत्र 2026–28 में बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed. Course) में नामांकन हेतु ऑनलाईन साक्षात्कारों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, के पत्रांक–02/वि01–104/2017–267 दिनांक–03.02.2026 द्वारा प्रेषित Statute of B.Ed/M.Ed/B.P.Ed/Course (Admission & Fee Determination) Conducted by recognized Institutions in the State of Jharkhand-2020 के आलोक में दिनांक–31.05.2026 को आयोजित बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 का परीक्षाफल दिनांक–03.07.2026 को जारी की जा चुकी है। राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 संस्थानों के शैक्षणिक सत्र–2026–28 में नामांकन की अनुशंसा हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार क्रमशः दिनांक–14.07.2026, दिनांक–06.08.2026 एवं दिनांक–24.08.2026 से आयोजित की जा रही है।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र/पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के "Download"कॉलम में उपलब्ध है।

3. शैक्षणिक वर्ष 2026–28 के लिये उपलब्ध सीटों की संस्थानवार/कोटिवार/कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

**4. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.-2026" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

5. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Applicable Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all Categories | Rs. 250.00 |

**6. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् है :–**

**Time-Schedule for 1st Round Online Counselling for B.Ed./M.Ed./B.P.Ed.–2026**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 14.07.2026 |
| 2. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 20.07.2026 |
| 3. | Editing in filled up Choices | 21.07.2026 to 22.07.2026 |
| 4. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 27.07.2026 |
| 5. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 28.07.2026 to 03.08.2026 |

**Time-Schedule for 2nd Round Online Counselling for (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.)– 2026**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 06.08.2026 |
| 2. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 06.08.2026 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 11.08.2026 |
| 4. | Editing in filled up Choices | 12.08.2026 & 13.08.2026 |
| 5. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 17.08.2026 |
| 6. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 17.08.2026 to 21.08.2026 |

**Time-Schedule for 3rd Round Online Counselling for (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.) – 2026**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Seat Matrix | 24.08.2026 |
| 2. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 24.08.2026 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 28.08.2026 |
| 4. | Editing in filled up Choices | 29.08.2026 & 30.08.2026 |
| 5. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 02.09.2026 |
| 6. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 03.09.2026 to 08.09.2026 |

**7.** वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम साक्षात्कार से नामांकित हैं वे भी रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन हेतु द्वितीय एवं तृतीय साक्षात्कारों में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

14/07/26

विशेष कार्य पदाधिकारी